महत्वपूर्ण एवं खास

निर्माणाधीन बिल्डिंग की छठी मंजिल से कुदकर युवती ने की खुदकुशी

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के बोरियाखुर्द में एक 6 मंजिला निर्माणधीन इमारत से स्कूली छात्रा ने छलांग कर आत्महत्या कर ली है। इस हादसे में छात्रा की मौक़े पर ही मौत हो गई है। छात्रा ने खुदकुशी क्यों की इसका कारण अज्ञात है। मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब एक बजे टिकरापारा थानाक्षेत्र के बोरियाखुर्द में एक निर्माणधीन इमारत के छठे मंजिल पर एक युवती को खड़ा देख लोग सन्न रह गये। आपसपास के लोगों ने युवती की समझाने का प्रयास किया और नीचे उतरने के लिए कहा किंतु इससे पहले की कोई कुछ कर पाता युवती ने छठे मंजिल से छलांग लगा दी। इस हादसे में युवती की मौके पर ही मौत हो गई। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना टिकरापारा थाने में दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। युवती की पहचान संतोषी नगर निवासी 17 वर्षीय आलिया परवीन बातया जा रहा है जो संतोषी नगर हायर सेकेंडरी स्कूल 9 वीं कक्षा की छात्रा थी। युवती ने आत्महत्या क्यों की है इसका पता नही चल पाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महादेव एप्प पर चला दुर्ग पुलिस का डंडा, 11 सटोरिये गिरफ्तार

दुर्ग (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में महादेव एप्प के खिलाफ ताबड़तोड़ अभियान चलाने वाली दुर्ग पुलिस राज्य के बाहर यूपी और मध्यप्रदेश से भी सटोरियों को दबोच चुकी है। अब दुर्ग पुलिस ने छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में महादेव एप्प की दो ब्रांचों में दबिश देकर कई गंभीर धाराओं सहित आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। दुर्ग पुलिस महादेव की 21 ब्रांचों पर धावा बोल चुकी है। दुर्ग पुलिस ने 11आरोपियों से 7 लैपटॉप, 16 मोबाइल फोन, पासबुक, एटीएम और हिसाब किताब के रजिस्टर बरामद किए गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हर्षदीप पिता मनजीत सिंह 19 वर्ष अनिल किराना स्टोर के पीछे बीएम शाह हॉस्पिटल के पास सुपेला, नवीन चौधरी पिता रघुवीर चौधरी 19 वर्ष बीएम शाह हॉस्पिटल के पास सुपेला, फारुख रंगरेज पिता मुन्ना रंगरेज उम्र 25 वर्ष संतरा वाड़ी दुर्ग, पीयूष खेत्रपाल पिता हरीश खेत्रपाल उम्र 27 वर्ष कादंबरी नगर दुर्गा मंदिर के पास दुर्ग, सुधीर चौधरी पिता मोहन चौधरी उम्र 23 पता घासीदास नगर जामुल, सद्दाम हुसैन पिता जमालुद्दीन उम्र 32 वर्ष साकिन फरीद नगर भिलाई,दीपक कुमार ध्रुव पिता रामकुमार उम्र 23 वर्ष पता घासीदास नगर जामुल, अनय शर्मा पिता विजय शर्मा उम्र 20 वर्ष पता ईडब्ल्यूएस 1259 हाउसिंग बोर्ड जामुल, रोहित सिंह पिता जसवीर सिंह उम्र 23 पता जामुल, के. गौतम पिता के. सिवा उम्र 22 बालाजी नगर खुर्सीपार, शिवा विषय पिता शशि विषय 22 वर्ष बालाजी नगर खुर्सीपार को गिरफ्तार किया है।

ब्लास्टिंग से घरों को पहुंच रहा नुकसान, ग्रामीणों ने की एसपी से शिकायत

कोरबा। खदान प्रभावित ग्राम पाली के ग्रामीणों ने कुसमुंडा प्रबंधन पर दबावपूर्वक घर की नापी, मकान खाली कराए जाने व हैवी ब्लास्टिंग कर घरों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए कहा है कि कुसमुंडा के अधिकारी उन्हें धमका रहे हैं। साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना की मुश्किलें खत्म होती नजर नहीं आ रही है। खदान में समय-समय पर आंदोलन हो रहा है और अब ग्रामीण पुलिस अधीक्षक व कलेक्टर से भी प्रबंधन के खिलाफ शिकायत करने लगे है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक लिखे पत्र में कहा है कि वर्ष 2009-10 से भूमि खरीदी बिक्री पर रोक लगा दी गई है, न तो आज तक उचित मुआवजा दिया गया और नहीं रोजगार व बसाहट मिला। खदान गांव के नजदीक पहुंच चुकी है। महज 15 मीटर की दूर पर जमीन पर 400 होल कर बारूद भर कर ब्लास्ट किया जा रहा है। इससे गांव में स्थित घरों में पत्थर गिर रहे हैं और घर की दीवारों में दरार आ रही है। घर गिरने का भय ग्रामीणों में बना रहता है।

गोबर से प्राकृतिक पेंट का निर्माण कर ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से हो रही हैं मजबूत

❒ राज्य में गोबर से पेंट उत्पादन की 13 इकाईयां स्थापित, 29 ईकाइयां प्रक्रियाधीन

❒ पर्यावरण के अनुकूल और पेंट निर्माण की आजीविका से ग्रामीण महिलाओं को हो रहा लाभ

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी नरवा, गरुवा, घुरवा और बाड़ी व गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में गोबर से वर्मी कम्पोस्ट के साथ ही अन्य सामग्रियों का निर्माण महिला स्व सहायता समूहों के द्वारा किया जा रहा हैं। गौमूत्र से फसल कीटनाशक और जीवामृत तैयार किये जा रहे हैं। महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क योजना (रीपा) आत्मनिर्भरता और सफलता की नई इबारत लिख रही है। इन सबके साथ अब गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने का काम भी पूरे प्रदेश में शुरू हो चुका है महिलाएं प्रशिक्षण लेकर स्व सहायता समूहों के माध्यम से पेंट का निर्माण कर रही हैं।

गोबर से प्राकृतिक पेंट का निर्माण, सभी शासकीय भवनों में अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने के निर्देश

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार गोबर से प्राकृतिक पेंट के निर्माण के लिए राज्य में 42 उत्पादन इकाइयों को स्वीकृती दी गयी है। इनमें से 13 उत्पादन इकाइयों की की स्थापना हो चुकी है जबकि 21 जिलों में 29 इकाइयां स्थापना के लिए प्रक्रियाधीन हैं। शासन का निर्देश है कि सभी शासकीय भवनों में अनिवार्य रूप से गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट का इस्तेमाल हो।

15 दिनों के अंदर ही 60 हजार रूपए तक के गोबर पेंट का विक्रय

कोरिया जिले के ग्राम मझगंवा में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क योजना के तहत यहां गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने की इकाई शुरू हो गयी है। यहां प्रगति स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित कर पेंट बनाने का कार्य शुरू किया गया है। 15 दिनों के अंदर ही समूह ने 800 लीटर पेंट बनाया है जिसमें से 500 लीटर पेंट का विक्रय किया जा चुका है। पेंट की कीमत लगभग 60 हजार रुपये है। गोबर से बने प्राकृतिक पेंट को सी-मार्ट के माध्यम से खुले बाजार में बेचने के लिए रखा जा रहा है।

पर्यावरण के अनुकूल है प्राकृतिक पेंट

गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट में एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल, पर्यावरण अनुकूल, प्राकृतिक ऊष्मा रोधक, किफायती, भारी धातु मुक्त, अविषाक्त एवं गंध रहित गुण पाये जाते हैं। गुणों को देखते हुये छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समस्त शासकीय भवनों की रंगाई हेतु गोबर से प्रकृतिक पेंट के उपयोग के निर्देश दिये गए हैं।

पेंट निर्माण से ग्रामीण महिलाओं को हो रहा लाभ

गोबर से पेंट बनाने की प्रक्रिया में पहले गोबर और पानी के मिश्रण को मशीन में डालकर अच्छी तरह से मिलाया जाता है और फिर बारीक जाली से छानकर अघुलनशील पदार्थ हटा लिया जाता है। फिर कुछ रसायनों का उपयोग करके उसे ब्लीच किया जाता है तथा स्टीम की प्रक्रिया से गुजारा जाता है। उसके बाद सी.एम.एस. नामक पदार्थ प्राप्त होता है। इससे डिस्टेम्पर और इमल्सन के रूप में उत्पाद बनाए जा रहे हैं। महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूहों द्वारा प्राकृतिक पेंट का उत्पादन उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम कर रहा है, प्राकृतिक पेंट की मांग को देखते हुए इसका उत्पादन भी दिन ब दिन बढ़ाया जा रहा है।

महिला मड़ई : छत्तीसगढ़ की हुनरमंद महिलाओं की दिखाई दी प्रतिभा

❒ महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने महिला मड़ई का किया शुभारंभ

❒ 33 जिलों के महिला समूहों और उद्यमियों ने लगाए 66 स्टॉल

❒ महिला जनप्रतिनिधियों ने खूब की खरीदारी, छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भी लिया स्वाद

रायपुर (आरएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया ने आज राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में 6 दिवसीय महिला मड़ई का शुभारंभ किया। यहां प्रदेश के 33 जिलों के महिला स्व-सहायता समूहों और महिला उद्यमियों द्वारा स्व-निर्मित सामग्रियों के 66 स्टॉल की प्रदर्शनी लगी है। भेंडिया ने इस अवसर पर नगर निगम की 100 स्वच्छता दीदियों का कैप और टी-शर्ट देकर सम्मान भी किया। इस दौरान राज्य सभा सांसद छाया वर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तेज कुंवर नेताम, धरसींवा विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा, पंडरिया विधायक ममता चन्द्राकर और रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष डोमश्वरी वर्मा भी उपस्थित थीं। महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित महिला मड़ई 04 मार्च तक चलेगी।

मड़ई में महिला जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं के हुनर को सराहा और खूब खरीदारी की। उन्होंने महिला समूहों द्वारा बनाए गए छत्तीसगढ़ी व्यंजन चीला, पिडिया, ठेठरी, लड्डू सहित लाई बड़ी का भी स्वाद लिया। महिला जनप्रतिनिधियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद लिया और छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत पर जमकर थिरकीं। भेंडिया ने मड़ई से साडिय़ां और कपड़े का बैग खरीदा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं को स्व-रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई नई राहें तैयार की है। इस मड़ई में छत्तीसगढ़ की महिलाओं के सशक्त होते कदमों और आत्मनिर्भर बनते जीवन की स्पष्ट झलक दिखाई देगी। इसके साथ महिला समूहों और उद्यमियों को प्लेटफार्म और नई पहचान मिलेगी।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक दिव्या उमेश मिश्रा, छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग के सदस्यगण पुष्पा पाटले, आशा संतोष यादव, सोनल कुमार गुप्ता, अगस्टीन बर्नाड सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

डीजीपी ने तीन जिलों के अधिकारियों के साथ नक्सल अभियान की समीक्षा की

नारायणपुर (आरएनएस)। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद , एवं उपमहानिरीक्षक आरएन. दास आज नक्सल अभियान की समीक्षा हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा के द्वारा आज नारायणपुर, कांकेर एवं कोंडागांव के नक्सल अभियान की समीक्षा किया गया, एवं तीनों जिलों में तैनात केंद्रीय अर्धसैनिक बल (आइटीबीपी., बीएसएफ. एसएसबी. एवं सीआरपीएफ.) के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लिया गया। जिसमें जिलों में चल रहे नक्सल अभियान की जानकारी एवं पिछले कुछ समय से क्षेत्र में हो रहे नक्सल गतिविधियों और घटनाओं के संबंध में चर्चा किया गया। क्षेत्र में हो रहे हो विकास कार्यों के दौरान सुरक्षा एवं सावधानियां तथा नक्सल अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। समीक्षा बैठक में डीजीपी जुनेजा, एडीजीपी विवेकानंद, डीआईजी एसआईबी.आरएन. दास, डीआईजी बीएसएफ तेजेंदर पाल सिद्धू, डीआईजी आइटीबीपी, युद्धवीर सिंह राणा, पुलिस अधीक्षक कांकेर शलभ सिन्हा, पुलिस अधीक्षक कोंडागांव दिव्यांग कुमार पटेल, पुलिस अधीक्षक नारायणपुर पुष्कर शर्मा एवं केंद्रीय अर्धसैनिक बल, जिला के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : महिला सशक्तिकरण का संदेश लेकर बड़ी संख्या में महिलाओं ने निकाली बाइक रैली

रायपुर (आरएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब से महिला सशक्तिकरण का संदेश लेकर बड़ी संख्या में महिलाओं ने बाइक रैली निकाली। रैली में महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तेजकुंवर नेताम, जिला पंयायत रायपुर की अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, महिला बाल विकास विभाग की संचालक दिव्या मिश्रा, यूनिसेफ के राज्य प्रमुख जॉब जकारिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और महिलाएं शामिल हुई। उन्होंने रैली में गढ़बो सुपोषित छत्तीसगढ़ और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश भी दिया। रैली तेलीबांधा तालाब से शुरू होकर घड़ी चौक, आमापारा, स्टेशन चौक से होते हुए फाफाडीह चौक, अंबेडकर चौक, केनाल रोड होते हुए लगभग 15 किलामीटर की दूरी तय करते हुए वापस तेलीबांधा तालाब में आकर समाप्त हुई।

प्रदेश में शिशुओं का पोषण बेहतर करने आज से शिशु संरक्षण माह

❒ 25.6 लाख बच्चों को विटामिन'ए और 26.9 लाख बच्चों को आयरन एवं फॉलिक एसिड की दी जाएगी खुराक

रायपुर (आरएनएस)। शिशुओं के स्वास्थ्य और पोषण की बेहतर देखभाल के लिए प्रदेश में 28 फरवरी से 31 मार्च तक 'शिशु संरक्षण माह' का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन 'ए' का प्रोफिलैक्टिक डोज पिलाया जाएगा। साथ ही छह माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को आयरन एवं फॉलिक एसिड सिरप वितरित की जाएगी। शिशु संरक्षण माह के दौरान प्रदेश भर के 25 लाख 60 हजार बच्चों को विटामिन 'ए' और 26 लाख 90 हजार बच्चों को आयरन एवं फॉलिक एसिड देने का लक्ष्य रखा गया है। मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी सहायिकाओं द्वारा बच्चों को दवाई पिलवाकर अभियान को सफल बनाया जाएगा। शिशु संरक्षण माह में शिशु स्वास्थ्य के संवर्धन से संबंधित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गतिविधियों के संचालन और सेवाओं की प्रदायगी का सुदृढ़ीकरण भी किया जा रहा है। शिशु के अच्छे शारीरिक और मानसिक विकास तथा संक्रमण से बचाव के लिए पौष्टिक आहार जरूरी है। छह माह के बच्चे को स्तनपान के साथ पूरक आहार अवश्य देना चाहिए।

शिशु एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के उप संचालक डॉ. व्ही.आर. भगत ने बताया कि राज्य में सुपोषण सुनिश्चित करने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अलग-अलग कार्यक्रमों के जरिए पौष्टिक आहार और गर्म भोजन देने का प्रावधान है। इस कार्यक्रम के अनुपूरक के रूप में शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जाता है जो कि बच्चों को कुपोषण एवं एनीमिया से बचाने में काफी मददगार है। डॉ. भगत ने बताया कि शिशु संरक्षण माह के दौरान छह माह से पांच साल तक के बच्चों को मितानिनें गृह भ्रमण कर सप्ताह में दो बार आई.एफ.ए. सिरप पिलाएंगी। वहीं नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक भी दी जाएगी।

शुरूआती दो सालों में जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता है, वह खांसी, जुकाम, दस्त जैसी बीमारियों से बार-बार ग्रसित होता है। बच्चे को इन संक्रमणों से बचाने और लडऩे के लिए पौष्टिक आहार की जरूरत होती है।

प्राकृतिक पेंट से कलेक्टोरेट का पोताई कराने वाले राज्य का पहला जिला बना बालोद, कलेक्टर ने स्वयं पोताई कर इस महत्वपूर्ण कार्य का किया श्रीगणेश

बालोद (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार सभी शासकीय कार्यालयों एवं भवनों की पोताई गोबर से बनी प्राकृतिक पेंट से कराने की अभिनव कार्य के अंतर्गत बालोद जिला प्राकृतिक पेंट से कलेक्टोरट का पोताई करने वाला राज्य का पहला जिला बन गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आज कलेक्टोरेट पहुँचने के तुरंत बाद प्राकृतिक पेंट से कलेक्टोरेट भवन की पोताई कर इस महत्वपूर्ण कार्य का श्रीगणेश किया। ज्ञातव्य हो कि 19 फरवरी को जिले के ग्राम परसतराई एवं सोरर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिले के प्राकृतिक पेंट इकाई तथा जिला प्रशासन द्वारा इस दिशा में बेहतरीन कार्यों की सराहना की थी। विदित हो कि इस दौरान गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम परसतराई में मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थल की पोताई जिले में निर्मित गोबर पेंट से की गई थी जिसका मुख्यमंत्री बघेल ने मुक्तकंठ से सराहना की थी।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, भवनों, स्कूलों, आँगनबाड़ी केंद्रों आदि की पोताई प्राकृतिक पेंट से किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों द्वारा अपने अधिनस्थ कार्यालयों एवं शासकीय भवनों के लिए लगातार बालोद विकासखण्ड के आदर्श गौठान बरही में स्थापित प्राकृतिक पेंट इकाई से गोबर से बनी प्राकृतिक पेंट एवं डिस्टेम्पर की खरीदी की जा रही है। इसके अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के द्वारा 225 रूपये प्रति लीटर की दर से 400 लीटर प्राकृतिक पेंट एवं 120 रूपये प्रति लीटर की दर से 400 लीटर प्राकृतिक डिस्टेम्पर कुल 01 लाख 62 हजार रूपये में 800 लीटर प्राकृतिक पेंट व डिस्टेम्पर की सर्वाधिक खरीदी की गई है। नोडल अधिकारी एवं उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएँ डॉ. डी.के.शिवहरे ने बताया कि विकासखण्ड गुरूर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोरर में 180 लीटर प्राकृतिक पेंट की खरीदी की गई है एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत परसतराई में 28 लीटर प्राकृतिक पेंट की खरीदी की गई है। इसके अलावा अन्य विभागों के द्वारा भी लगातार अपने विभागीय कार्यालयों एवं भवनों की पोताई हेतु प्राकृतिक पेंट एवं डिस्टेम्पर की खरीदी की जा रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने जनदर्शन में सुनी लोगों लोगों की समस्याएं

❒ कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण के दिए निर्देश

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी ने जनदर्शन के माध्यम से लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम हरदी, सारंगढ़ निवासी संतोष कुमार चौहान ने गाँव की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर मकान निर्माण के संबंध में कार्यवाही हेतु आवेदन किया, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल एसडीएम सारंगढ़ को जाँच कर निराकरण करने को कहा। इसी क्रम में ग्राम बड़े नवापारा तहसील बरमकेला निवासी मोंगरा ने आवासीय स्वामित्व की भूमि पर अवैध निर्माण कार्य रोके जाने हेतु आवेदन किया, जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार बरमकेला को मामले की जाँच कर शीघ्र निराकरण करने को कहा। इसके पश्चात् ग्राम अचानकपाली, सारंगढ़ के ग्रामवासियों ने गाँव में पेयजल की समस्या को लेकर व्यवस्था करने हेतु कलेक्टर के समक्ष आवेदन किया, जिस पर कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को जाँच करने के निर्देश दिए। ग्राम गोड़म, सारंगढ़ निवासी भोगीलाल साहू ने वृध्दावस्था पेंशन राशि प्राप्त करने संबंधी समस्या को लेकर कलेक्टर के समक्ष आवेदन किया, जिस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ को जाँच करने करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में ग्राम झनकपुर, तहसील बरमकेला निवासी दिलेश्वर चौहान ने वृध्दावस्था पेंशन दिलाए जाने हेतु आवेदन किया, जिस पर कलेक्टर ने सीएमओ बरमकेला को जाँच करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में कुल 27 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें वन अधिकार पत्रए नकल प्रतिलिपि, भूमि सुधार एवं लंबित भुगतान संबंधी आवेदन थे। कलेक्टर ने आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को सूचित कर निराकरण करने को कहा। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर भागवत जायसवाल एवं सभी जनपद सीईओ उपस्थित रहे।

कलेक्टर के निर्देश पर कल्याणी को तत्काल मिला अंत्योदय राशन कार्ड- कलेक्टर जनदर्शन में ग्राम पेण्ड्रावन, तहसील भटगाँव निवासी कल्याणी देवांगन आई हुई थी। 20 वर्षीय सुश्री कल्याणी मानसिक रूप से अस्थिर हैं। साथ में आए उनके परिजनों ने उनकी मानसिक अशक्तता के बारे में बताते हुए कलेक्टर के समक्ष आवेदन किया। कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारी को प्राथमिकता से अंत्योदय राशन कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए उन्हें अंत्योदय राशन कार्ड प्रदान किया गया। कल्याणी के माता-पिता ने तत्काल अंत्योदय राशन कार्ड बनने पर खुशी जाहिर करते हुए कलेक्टर को मन से धन्यवाद ज्ञापित किया।